# Justification for locating the Project in forest land and details of alternatives examined

(परियोजना वनक्षेत्र में ही स्थापित करने का औचित्य)

वन मण्डल रायसेन के अंतर्गत परिक्षेत्र पश्चिम रायसेन के ग्राम खरबई स्थित ईको पर्यटन केन्द्र मे चिड़ियाटोल जू एवं रेस्क्यू सेंटर स्थापित करने हेतु म0प्र0 ईको पर्यटन विकास बोर्ड भोपाल द्वारा 150 हेक्टेयर आवेदित वन क्षेत्र जिसमे कक्ष क्रमांक आर.एफ.–337 में 4.300 एवं आर.एफ.–338 में 3.050 कुल 7.350 हेक्टेयर मे निर्माण कार्य इत्यादि तथा शेष बचे कक्ष क्रमांक आर.एफ.–337 में 115.700 हेक्टेयर एवं आर.एफ.–338 में 26.950 कुल 142.650 हेक्टेयर वृक्षारोपण आदि हेतु वन भूमि का चयन चिड़ियाटोल जू एवं रेस्क्यू सेंटर स्थापित करने हेतु किया गया है।

उक्त चयनित स्थल चट्टानी, पहाड़ी एवं विरल वन है तथा वन भूमि की मांग भी न्यूनतम है चिड़ियाटोल जू एवं रेस्क्यू सेंटर स्थापित होने पर तहसील रायसेन के 07 ग्रामो के लगभग 200 व्यक्तियो को रोजगार मिलेगा। चयनित क्षेत्र ईको पर्यटन विकास बोर्ड की दृष्टि से उपयुक्त है, यहां चिड़ियाटोल जू एवं रेस्क्यू सेंटर स्थापित करने से पर्यटन क्षेत्र मे बढ़ावा होगा इस कारण इसका कोई अन्य विकल्प नहीं हैं। आवेदित स्थल वन क्षेत्र में स्थित हैं जिस कारण जू में आवासित जंगली जानवरों को अनुकूल वातावरण मिलेगा। चूकिं राजस्व क्षेत्र में प्राकृतिक वन नही है इसकारण जू में आवासित जंगली जानवरों को अनुकूल वातावरण नही मिलेगा साथही रिक्त क्षेत्र में जू बनाने का कोई औचित्य नही है। उक्त स्थल जिला मुख्यालय से मात्र 15 किमी दूर स्थित हैं। उक्त चिड़ियाटोल जू एवं रेस्क्यू सेंटर स्थापित होने पर रायसेन एवं रायसेन जिले के आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन क्षेत्र मे बढावा होगा। साथ ही चिड़ियाटोल जू एवं रेस्क्यू सेंटर स्थापित होने पर आसपास के क्षेत्रो के व्यक्तियों को भी रोजगार प्राप्त होगा।

उपरोक्त चयनित वनक्षेत्र ही चिड़ियाटोल जू एवं रेस्क्यू सेंटर स्थापित करने हेतु उपयुक्त है क्योंकि प्रस्तावित क्षेत्र मे **म0प्र0 ईको पर्यटन विकास बोर्ड के द्वारा ग्राम खरबई में चिड़िया टोल पर्यटन स्थल को मनोरंजन क्षेत्र के रूप में घोषित करने हेतु अधिसूचना तैयार कर म0प्र0 शासन वन विभाग को भेजी जा चुकी है**। आवेदित स्थल चिड़ियाटोल जू एवं रेस्क्यू सेंटर हेतु उपयुक्त है तथा जिला मुख्यालय से मात्र 15 किमी दूर स्थित हैं परन्तु आवेदित स्थल के चारो ओर वनक्षेत्र है जिससे प्रस्तावित चिड़ियाटोल जू एवं रेस्क्यू सेंटर वनक्षेत्र के अतिरिक्त अन्य स्थल पर स्थापित नही की जा सकती है एवं आवेदित वनक्षेत्र में स्थापित करने का ही एकमात्र विकल्प है। उपरोक्त क्षेत्र में ही चिड़ियाटोल जू एवं रेस्क्यू सेंटर स्थापित करने के फलस्वरूप क्षेत्र मे आ रहे पर्यटको को मनोरंजन की सुविधा के साथ साथ वन्य प्राणियों एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित होगी। अतः उपरोक्त चयनित क्षेत्र में ही चिड़ियाटोल जू एवं रेस्क्यू सेंटर स्थापित किया जाना प्रस्तावित है, क्योंकि प्रस्तावित स्थल जू में आवासित जंगली जानवरो को अनुकूल वातावरण देगा इससे हटकर राजस्व क्षेत्र है वहॉ पर प्राकृतिक वन उपलब्ध नही है ऐसी स्थिति में प्रस्तावित स्थल के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है इस लिये तीन वैकल्पिक परीक्षणो का प्रश्न ही उत्पन्न नही होता है।

**वन मण्डलाधिकारी**
**एवं पदेन क्षेत्रीय प्रबंधक म0प्र0 ईको पर्यटन विकास बोर्ड**
**सामान्य वनमण्डल रायसेन (म0प्र0)**